FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 173 B.N.S.S)

प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. District (जिला): State Vigilance & Anti Corruption Bureau, Haryana | P.S. (थाना): ACB, Rohtak | Year (वर्ष): 2026

FIR No. (प्र.सू.रि. सं.): 0036 | Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय): 11/11/2026 16:35 hrs

2.

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धारा(एँ))
1	PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988	7
2	PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988	7A

3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):

1 Day (दिन): Wednesday | Date from (दिनांक से): 11/11/2026 | Date To (दिनांक तक): 11/11/2026

Time Period (समय अवधि): | Time From (समय से): 11:40 hrs | Time To (समय तक): 15:30 hrs

(b) Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई): | Date (दिनांक): 11/11/2026 | Time (समय): 15:30 hrs

(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ): | Entry No. (प्रविष्टि सं.): 016 | Date and Time (दिनांक और समय): 11/11/2026 15:46 hrs

4. Type of Information (सूचना का प्रकार): Written

5. Place of Occurrence (घटनास्थल):

1. (a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा): EAST, 55 Km(s) Beat No. (बीट सं.):

(b) Address (पता): नजदीक मारूति सर्विस स्टेशन, इन्डस्ट्री एरिया कालुपुर चुंगी, सोनीपत,

(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):

District (State) (जिला (राज्य)):

6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):

(a) Name (नाम): हेमन्त

(b) Father's Name (पिताका नाम): श्री प्रमोद कुमार

(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष): 1976 (d) Nationality (राष्ट्रीयता): INDIA

(e) UID No. (यूआईडी सं.):

(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):

Date of Issue (जारी करने की दिनांक): Place of Issue (जारी करने का स्थान):

(g) ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))

S. No. (क्र.सं.) ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) ID Number (पहचान संख्या)

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address (पता):

S.No. (क्र.सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	Present Address	99, न्यू कबीरपुर, नजदीक वसुन्दरा गार्डन सोनीपत, SONIPAT, HARYANA, INDIA
2	Permanent Address	99, न्यू कबीरपुर, नजदीक वसुन्दरा गार्डन सोनीपत, SONIPAT, HARYANA, INDIA

(j) Phone number (दूरभाष सं.): Mobile (मोबाइल सं.): 91-8575728000

7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):

S. No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Present Address(वर्तमान पता)
1	सुरेश पटवारी			1. कार्यालय तहसील सोनीपत, SONIPAT,HARYANA,INDIA
2	साहिल सहायक			1. तहसील कार्यालय सोनीपत, SONIPAT,HARYANA,INDIA

8. Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):

S. No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में))

10. Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):

11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):

S. No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.)

12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):

सेवा में

निरीक्षक
राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो
उप केन्द्र भिवानी
श्रीमानजी,

सविनय निवेदन यह कि हेमन्त पुत्र श्री प्रमोद कुमार वासी न्यू कबीरपुर मकान नम्बर 99 नजदीक वसुन्दरा गार्डन सोनीपत का स्थाई निवासी हूँ । मै घरेलू कार्य करता हूँ । गांव कबीरपुर जिला सोनीपत के रकबा मे एक मकान जोकि 133 वर्गगज का मेरे पिताजी प्रमोद व संतोष देवी मेरी माता जी ने नरेन्द्र पुत्र मोहन लाल वासी नन्दवानी नगर सोनीपत से वर्ष 2019 मे खरीदा था लेकिन तत्कालिन पटवारी ने इन्तकाल नं0 4928 दिनांक 13.12.2019 के अनुसार मेरी माता-पिता का इंतकाल 1/2 भाग दर्ज किया जिसमें मेरी माता के नाम 2 मरले, मेरा पिता जी के नाम 2 मरले उतार दिया और 03 सिरसाई नरेन्द्र के नाम छोड दिया । उसके बाद माता, पिता जी ने तबदील मलकियत मेरी बहन पूजा पुत्री प्रमोद के नाम करा दिया । मेरी बहन ने उपरोक्त मकान 2023 में मेरा भाई हेमराज के नाम करवा दिया जिसका इन्तकाल नं0 6355 दिनांक 16.04.2026 है । उसके बाद मेरे भाई ने इन्तकाल नं0 6562 मंजीरशुदा 14.10.2026 को मेरा भाई ने मेरी माता संतोष के नाम करवा दिया था लेकिन उक्त इंतकाल को दर्ज एंव मंजूर करवाने की सरकारी फीस हमने जमा करवा दी थी । उक्त इन्तकाल के हाल का हल्का पटवारी सुरेश पटवारी ने दर्ज एंव मंजूर करवाया था । मै अपने इन्तकाल की सत्यापित कॉपी लेने के लिए व अपने मकान का सेहत का इन्तकाल दर्ज एंव मंजूर करवाने के सम्बन्ध मे दिनांक 04.11.2026 को सुरेश पटवारी से पुरानी तहसील कार्यालय सोनीपत मे मिला था उस समय उस कमरे मे सुरेश पटवारी व उसका सहायक साहिल भी हाजिर था जब मैने पटवारी से अपना कार्य करने की एवज मे सुविधा शुल्क की बात की तो सुरेश पटवारी ने कहा कि आप साहिल से मिल लेना । उसके बाद सुरेश पटवारी के कहे अनुसार मै दिनांक 09.11.2026 को समय करीब 8 PM पर कबीरपुर सोनीपत मे सुरेश पटवारी के प्राईवेट सहायक साहिल से मिला तो उसने हमारा इन्तकाल दर्ज मंजूर करवाने एंव सत्यापित कॉपी देने की एवज मे 2000 रूपये की रिश्वत के तौर पर मांगे एंव हमारे इन्तकाल नं0 4928 उपरोक्त जिसके अनुसार 4 मरले मेरा माता, पिता के नाम उतार दिया था उसमे हमारे हिस्सा अनुसार 03 सिरसाई जो नरेन्द्र के नाम रह गई थी उसका सेहत का इन्तकाल दर्ज/ मंजूर करवाने की एवज मे पहले 10 हजार रूपये की रिश्वत मांगी थी जो हमारा सोदा 7000/-रुपये सात हजार में तह हुआ उपरोक्त हमारे दोनो कामो को करने/ करवाने की एवज मे कुल राशि रूपये 7000 (सात हजार) रिश्वत राशि मांगी है । हमारा सेहत का इन्तकाल दर्ज एंव मंजूर करवाना सुरेश पटवारी के पास बकाया है । मेरी सुरेश हल्का पटवारी कबीरपुर और उसके प्राईवेट सहायक साहिल के बीच रिश्वत बारे हुई कुछ बातचीत की कुछ रिकार्डिंग को अपने निजी डिवाईस मे रिकार्ड किया हुआ है । आज सुरेश पटवारी व उसका सहायक साहिल प्राईवेट ने मुझे आज (7,000) सात हजार लेने के लिये बुलाया हुआ है । सुरेश पटवारी मेरे से रिश्वत राशि या तो खुद लेगा या अपने प्राईवेट सहायक साहिल के माध्यम से लेगा । मै सुरेश पटवारी प्राईवेट सहायक साहिल को रिश्वत राशी नही देना चाहता । मेरा सुरेश पटवारी व उसका प्राईवेट सहायक साहिल के साथ पैसे का कोई लेन देन नही है और न ही उससे मेरी कोई रंजिश नही है, मै अपनी व सुरेश पटवारी और उसके प्राईवेट साहयक साहिल के बीच बात चीत जो रिश्वत बारे हुई है उसको में बाद में आपको पेश कर दुगॉ । अतः सुरेश सरकारी पटवारी व उसके प्राईवेट सहायक सहिल के विरुद उचित कानूनी कार्यवाही करने की कृप्या करे । हस्ता अग्रेजी HAMENT हेमन्त पुत्र श्री प्रमोद कुमार वासी मकान नम्बर 99, न्यू कबीरपुर गार्डन सोनीपत DOB 27.7.1995 8575728000 , 9671382800 दिनांक 11.11.2026 कार्यवाही पुलिस – आज दिनांक 11.11.26 को मन निरीक्षक कार सरकार डयूटी सोनीपत हाजिर था कि हेमन्त पुत्र श्री प्रमोद कुमार वासी न्यू कबीरपुर, मकान नम्बर 99, नजदीक वसुन्दरा गार्डन, सोनीपत ने अपने फोन नम्बर 8575728000 से मेरे नम्बर 9416357119 पर फोन आया कि किसी भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी व उसके प्राईवेट सहायक ने उसका कार्य करने की ऐवज में उससे 7,000/- रूपये रिश्वत मांगी है । मन निरीक्षक को हेमन्त उपरोक्त ने इन्डस्ट्री एरिया, कालुपुर चुंगी,नजदीक मारूति सर्विस स्टेशन, सोनीपत के पास मिलने बारे कहा । इस सूचना पर मन निरीक्षक शिकायतकर्ता हेमन्त उपरोक्त से इन्डस्ट्री एरिया, कालुपुर चुंगी, नजदीक मारूति सर्विस स्टेशन, सोनीपत मिला । जहाँ पर हेमन्त उपरोक्त ने मेरे को उपरोक्त हस्त लिखित दरखास्त पेश की और अपने व सुरेश पटवारी हल्का कबीरपुर सोनीपत व उसके प्राईवेट सहायक साहिल के बीच रिश्वत बारे हुई बातचीत की दो ऑडियो रिकार्डिंग को सुनाया गया । उक्त बारे मन निरीक्षक द्वारा उच्च अधिकारीयो को अवगत करवाया गया जिन्होनें शीघ्र आगामी कार्यवाही करने बारे कहा । मेरे द्वारा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उपकेन्द्र भिवानी के अन्य कर्मचारियों को इन्डस्ट्री एरिया, कालुपुर चुंगी, नजदीक मारूति सर्विस स्टेशन,सोनीपत पहुंचने बारे

सूचित किया । जो मेरे बुलाने पर L/ASI रेनू 1581/सोनीपत, HC नवीन कुमार 2034/रोहतक, L/ASI सुखविन्द्र 429/भिवानी, EHC नरेन्द्र 427/हांसी, EHC कविता 876/रोहतक मय आधुनिक तफतीशी बैग मय प्राईवेट गाडी व सरकारी गाडी HR03GV-8726 जिसके चालक EHC दिनेश 2002/ सोनीपत के हाजीर इन्डस्ट्री एरिया, कालुपुर चुंगी,नजदीक मारूति सर्विस स्टेशन, सोनीपत आये है । जो शिकायतकर्ता हेमन्त उपरोक्त द्वारा दी गई दरखास्त एवं रिकार्डेग के सुनने से अपराध जुर्म 7 7A PC ACT का घटित होना पाये जाने पर तहरीर हजा कराये मुकदमा दर्ज करवाने के लिए EHC कविता 876/ रोहतक के माध्यम से राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रोहतक मण्डल रोहतक भेजी जा रही है, बाद करने दर्ज अभियोग नम्बर पर्चा से सुचित किया जाए और स्पैशल रिपोर्ट अफसरान वाला व ईलाका मजिस्ट्रेट को भेजी जाऐ । मेरे द्वारा उक्त कार्यवाही के लिए एक दरखास्त राजपत्रित अधिकारी स्वतन्त्र साक्षी व कर्मचारी नियुक्त करवाने के लिए के पुलिस अधीक्षक, राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार मण्डल, हिसार के पास वाटसअप के माध्यम से भेजी गई जिस पर पुलिस अधीक्षक साहब द्वारा श्री निखिल राठी, A.N. HSAMB, भिवानी को राजपत्रित अधिकारी स्वतन्त्र साक्षी नियुक्त किया गया जिनसे सम्पर्क करके नजदीक कालूपूर चूंगी, सोनीपत पहुँचने बारे सूचित किया गया है । जो राजपत्रित अधिकारी स्वतन्त्र साक्षी के पहुँचने पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी । अजः- इन्डस्ट्री एरिया कालुपुर चुंगी नजदीक मारूति सर्विस स्टेशन सोनीपत

हस्ता अंग्रेजी Jagjeet
जगजीत सिँह (निरीक्षक),
राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
उपकेन्द्र भिवानी
दिनांक 11.11.2026
समय 11.40 AM

अज थाना- हस्ब आमदा तहरीर थाना में प्राप्त होने पर मु0 न0 36 दिनांक 11.11.2026 U/S 7, 7A P.C Act थाना राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रोहतक दर्ज रजिस्टर किया जाकर कम्पयुटर प्रतिया तैयार कि गई । जो अफसरान बाला व इलाका मैजिस्ट्रेट साहब सोनीपत को स्पैशल रिपोर्ट बजरीया स्पैशल मैसेन्जर/मेल दवारा भेजी गई व मुकदमा हजा की स्पैशल रिपोर्ट नियमानुसार तैयार करके इलाका मैजिस्ट्रैट साहब सोनीपत को देने के लिये व नकल मिशल पुलिस मय असल तहरीर हवाले आरिन्दा EHC कविता 876/रोहतक की जाकर रवाना अनुसधानकर्ता का किया गया तथा मुनासिब हिदायत दी गई । उपरोक्त मुकदमा प्रबन्धक अफसर थाना के कोड से CDC निरीक्षक मनोज कुमार 1136/रेवाडी की हाजरी मे दर्ज रजिस्टर किया गया है ।

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 3.**
(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or (या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** Usha Rani **Rank (पद):** SI (Sub-Inspector)
No. (सं.): 401SPT **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए);** **or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**
on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).

F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)

R.O.A.C.
(आर.ओ.ए.सी.)

Signature of Officer in charge, Police Station
(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)

Name (नाम): [illegible]

Rank (पद): [illegible] of Police)

No. (सं.): 1136/RWR

14. Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)

15. Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):

State Vigilance & Anti Corruption Bureau Police Range Rohtak